an>

Title: Need to convert Mavali - Marwar railway line to broadgauge and connect Rajsamand district headquarters with broadgauge in Rajasthan.

श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से माउली, मारवाड़, रेल खंड के आमान परिवर्तन के संबंध में सरकार से निवेदन करना चाहूंगा। यह रेल खंड ब्रिटिश सरकार के समय में बना था और इसके महत्व को तत्कालीन राज्य ने भी समझा था। आज उसमें परिवर्तन नहीं होने की वजह से उस क्षेत्र की जनता को बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है। आज भी इसका बहुत महत्व है। इस रेल खंड के ऊपर, वहां निकलने वाला खनिज और बाहर जो व्यापारी व्यापार करते हैं, उनके सामने आवागमन की बहुत बड़ी परेशानी खड़ी हो रही है। अगर उस रेल खंड का आमान परिवर्तन किया जाता है तो राजस्थान का एक और जिला मुख्यालय राजसमन्द ब्रॉडगेज से जुड़ जायेगा और उसकी वजह से उस पूरे क्षेत्र में विकास के नये आयाम खड़े होंगे।

अतः मैं आपके माध्यम से पुनः निवेदन करना चाहूंगा कि यह दो बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र, मेवाड़ और मारवाड़ को जोड़ने वाला क्षेत्र है। मध्य प्रदेश में जो छावनी है, उसके लिए भी बॉर्डर तक जाने का सबसे छोटा, सुगम और कम समय लेने वाला वह रेल लाइन है। उसके महत्व को मद्देनजर रखते हुए मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि उसके आमान परिवर्तन में सहयोग प्रदान करायें।

माननीय अध्यक्ष : श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री हरिओम सिंह राठौड़ द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

13.00 hours